Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 14-03-2006
Participants : Shiwankar Shri Maha Deo Rao

>

Title : Need to take steps for providing relief to the paddy growers whose crops have been affected due to natural calamities in Maharashtra.

प्रो. महादेवराव शिवनकर (चिमूर) : अध्यक्ष महोदय, महाराट्र में धान, पैडी फसल को गत अनेक सालों से महापूर सूखा, अकाल, इससे होने वाला नुकसान, धान फसल की खेती के लिए लगने वाली लागत की लगातार बढ़ोत्तरी, उसी अनुपात में धान की कीमत न बढना, किसानों पर बढने वाले कर्ज का बोझ, इससे किसानों के द्वारा लगातार होने वाली आत्महत्याओं में बढ़ोत्तरी, इन सब समस्यायों से निपटने के लिए निम्नलिखित उपाय किए जायें-

1. धान उगाने वाले किसानों का कर्ज माफ करें।
2. ब्याज की दर 6 प्रतिशत करें
3. लागत कम करने के लिए सब्सिडी बढ़ायें।
4. इलैक्ट्रिक मोटरों का बिल गत 3 सालों के माफ करें।
5. इलैक्ट्रिक लोड शेडिंग बंद करें।
6. आत्महत्यायें करने वाले किसानों के परिवारों को 2 लाख रूपये दें।
7. आत्महत्यायें करने वाले परिवारों के एक व्यक्ति को शासकीय नौकरी दें।
8. सिंचाइ का दर धान उगाने वाले किसानों के लिए कम करें।
9. लागत के आधार पर धान का भाव निर्धारित करें।